# दिनॉक 27.09.2022 को जिलाधिकारी महोदय सीतापुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

32

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सीतापुर के सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर जल उपलब्ध कराने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे :–

1– श्री अक्षत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।
2– श्री हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
3– श्री आलोक पटेल, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
4– अधिशासी अभियन्ता, सीतापुर प्रखण्ड, शारदा नहर, सीतापुर।
5– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर।
6– श्री मनोज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
6– श्री सुनील कुमार शुक्ला, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
7– श्री एल0 चन्द्रशेखर राव, मे0 एन0सी0सी0 लि0, सीतापुर।
8– श्री सुनील कुमार सिंह, मे0 एल0 एण्ड टी0 लि0, सीतापुर।
9– श्री सुनील कुमार वर्मा, शिक्षा भारती(आई0एस0ए0)।
10– श्री संजीव कुमार, हेल्पिंग यूथ फाउन्डेशन(आई0एस0ए0)।
11– श्री ललित कुमार मिश्रा, नागेश्वर जन कल्याण समिति(आई0एस0ए0)।
12– श्री सन्दीप श्रीवास्तव, नवनीत फाउन्डेशन(आई0एस0ए0)।
13– श्री सन्तराम सिंह, निदान सामाजिक संस्थान(आई0एस0ए0)।
14– श्री अवधेश जायसवाल, उजाला वेलफेयर सोसाइटी।

सर्वप्रथम बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 एल0 एंण्ड टी0 एवं मे0 एन0सी0सी0 द्वितीय–फेज एवं तृतीय–फेज को आवंटित ग्रामों की भौतिक प्रगति, भूमि प्रस्ताव तथा डी0पी0आर0 की समीक्षा की गयी, स्थिति निम्नवत् हैः–

**मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, लि0–**

1– मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 द्वारा 20 नग डी0पी0आर0 आज की बैठक में प्रस्तुत किये गये जिनकी तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0) द्वारा प्रदान की जा चुकी है। सभी 20 नग डी0पी0आर0 का परीक्षण किया गया। परीक्षणोपरान्त समिति द्वारा 20 नग डी0पी0आर0 अनुमानित लागत रू0 5.00 करोड़ से कम होने के कारण अनुमोदित करते हुये एस0डब्ल्यू0एस0एम0 को अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

2– अध्यक्ष महोदय द्वारा मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 को प्रत्येक योजनाओं जिनमें वितरण प्रणाली का कार्य किया जा चुका है। उन योजनाओं में एफ0एच0टी0सी0 की प्रगति बढ़ाने हेतु कम से कम दो टीम एफ0एच0टी0सी0 कार्य हेतु लगाने के निर्देश दिये एवं प्रति सप्ताह कम से कम 1000 नग एफ0एच0टी0सी0 का कार्य करने एवं आई0एम0आई0एस0 पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये गये।

Scanned by CamScanner

3– अध्यक्ष महोदय द्वारा त्योहारों को ध्यान मे रखते हुए मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 को निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओं पर वितरण प्रणाली का कार्य किया जा रहा है। उन सभी योजनाओं पर सड़क पुर्नस्थापना/मोटरेबल करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

4– अध्यक्ष महोदय द्वारा मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 को फेज–2 के समस्त डी0पी0आर0 एक सप्ताह के भीतर प्रत्येक दशा में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

**मै0 एन0सी0सी0 लि0–**

1– मै0 एन0सी0सी0 लि0, को जल जीवन मिशन फेज–3 के अन्तर्गत कुल आवंटित 946 राजस्व ग्राम के सापेक्ष 662 ग्राम पंचायतों का आवंटन किया गया था, मै0 एन0सी0सी0 लि0 को आवंटित 662 ग्राम पंचायतों में से 540 ग्राम पंचायतों में भूमि उपलब्ध करायी जा चुकी है, शेष 122 ग्राम पंचायतों में भूमि उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जा रही है।

2– मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा 62 ग्राम पंचायतों का डी0पी0आर0 आज की बैठक में प्रस्तुत किये गये, जिनकी तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) द्वारा प्रदान की जा चुकी है। 52 नग डी0पी0आर0 की लागत 5 करोड़ से कम होने के कारण उनकी स्वीकृति जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा दी गयी। 10 नग डी0पी0आर0 5 करोड़ से अधिक होने के कारण संस्तुति सहित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को अग्रसारित करने का निर्णय लिया गया।

3– अध्यक्ष महोदय द्वारा मे0 एन0सी0सी0 लि0 को प्रत्येक योजनाओं जिनमें वितरण प्रणाली का कार्य किया जा चुका है। उन योजनाओं में एफ0एच0टी0सी0 की प्रगति बढ़ाने हेतु कम से कम दो टीम एफ0एच0टी0सी0 कार्य हेतु लगाने के निर्देश दिये एवं प्रति सप्ताह कम से कम 1000 नग एफ0एच0टी0सी0 का कार्य करने एवं आई0एम0आई0एस0 पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये गये।

4– अध्यक्ष महोदय द्वारा त्योहारों को ध्यान मे रखते हुए मे0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओं पर वितरण प्रणाली का कार्य किया जा रहा है। उन सभी योजनाओं पर सड़क पुर्नस्थापना/मोटरेबल करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

5– मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि फेज–3 के 168 ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 प्रस्तुत किये जा चुके है। शेष ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 विरचन का कार्य प्रगति पर है।

**मै0 सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0)–**

1– टी0पी0आई0 द्वारा पी0पी0टी0 के माध्यम से जल जीवन मिशन के अनतर्गत कराये जा रहे कार्यों का प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया एवं कार्य के दौरान फर्मों द्वारा बरती जा रही लापरवाही से अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया । जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा दोनों कार्यदायी संस्थाओं को मानक के अनुरूप एवं सुरक्षा मानको को ध्यान में रखते हुए कार्य कराने के निर्देश दिये गये।

**आई0एस0ए0–**

1– अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त आई0एस0ए0 प्रतिनिधियों से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों एवं एफ0एच0टी0सी0 लेने हेतु ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने के सम्बन्ध में समीक्षा की गई परन्तु आई0एस0ए0 प्रतिनिधियों द्वारा कराये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में सही जानकारी न देने के कारण अध्यक्ष महोदय द्वारा आई0एस0ए0 द्वारा कराये जा रहे कार्यों पर असन्तोष व्यक्त किया गया एवं निर्देशित किया गया कि जल जीवन

Scanned by CamScanner

मिशन के कार्य को सुचारू रूप से सम्पादित कराने हेतु समस्त आई0एस0ए0 अपने दायित्वों का निर्वाहन ठीक प्रकार से करना सुनिश्चित करें।

2– अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त आई0एस0ए0 को निर्देशित किया गया कि एफ0एच0टी0सी0 की प्रगति बढ़ाने हेतु दोनों कार्यदायी फर्मों का सहयोग करें।

**डी0पी0एम0 यू0–**

1– अध्यक्ष महोदय द्वारा डी0पी0एम0यू0 द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। डी0पी0एम0यू0 द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारू रूप से न करने पर अध्यक्ष महोदय द्वारा असन्तोष व्यक्त किया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा डी0पी0एम0यू0 द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक अलग से करने के निर्देश दिये गये।

अध्यक्ष महोदय द्वारा शेष ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 शीघ्र बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

अन्त में अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक समाप्त करते हुए समस्त अधिकारियों, निर्माण हेतु कार्यदायी फर्मों (मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 एवं मे0 एन0सी0सी0 लि0) टी0पी0आई0 एवं डी0पी0एम0यू0 को अपने–अपने दायित्वों को निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गये।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता,<br>खण्ड कार्यालय,<br>उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण),<br>सीतापुर<br>(सदस्य सचिव) | अधिशासी अभियन्ता,<br>सीतापुर प्रखण्ड<br>शारदा नहर सीतापुर,<br>(सदस्य) | जिला बेसिक शिक्षा<br>अधिकारी सीतापुर<br>(सदस्य) | जिला पंचायत राज<br>अधिकारी,<br>सीतापुर (सदस्य) |

| | | |
|---|---|---|
| जिला विकास अधिकारी,<br>सीतापुर (सदस्य) | मुख्य विकास अधिकारी,<br>सीतापुर (सदस्य) | जिलाधिकारी,<br>(अध्यक्ष) |

**पृ0 संख्याः** 806 / DWSM-बैठक /21 **दिनाँक** 03 / 10 /2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
2– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।
3– जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
4– प्रोजेक्ट कार्पोरेशन सीतापुर।
5– सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
6– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनामल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
7– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।
8– डी0पी0एम0यू0।
9– समस्त आई0एस0ए0 सीतापुर।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण),
(सदस्य सचिव)

Scanned by CamScanner